का० आ० 2105.—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 5 के द्वारा प्राप्त कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए और इस समाहर्तालय की दिनांक 26/7/63 की अधिसूचना सं० 4/1963 का आंशिक संशोधन करते हुए मैं पश्चिम बंगाल केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय के अधीक्षक को समाहर्ता के कार्यक्षमता, जिसका उल्लेख केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 192 में किया गया है, को उपयोग करने की अनुमति इस शर्त पर दे रहा हूं कि वे इसका उपयोग अपने संबंधित कार्यक्षेत्र में करेंगे और पर्यवेक्षण कर्मचारी के स्थापन व्यय का निर्धारण समाहर्ता द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाएगा।

[अधिसूचना सं० 7/के०उ०शु०/77/सी०सं० IV(7) 1-सी०ई०/डब्ल्यू० बी०/76]

ए० के० भौमिक, समाहर्ता

Calcutta, the 16th May, 1977

CENTRAL EXCISE

S.O. 2105.—In exercise of the powers conferred upon me under Rule 5 of the Central Excise Rules, 1944 and in partial modification of the Collectorate Notification No. 4/1963-CE dated 26-7-63, I hereby empower the Superintendent of Central Excise to exercise the power of the Collector of Central Excise under Rule 192 of the Central Excise Rules, 1944 in his respective jurisdiction of West Bengal Collectorate subject to the condition that cost of establishment of supervisory staff shall be fixed with reference to the conditions laid down by the Collector.

[Notification No. 7/CE/77-C. No. IV(7)1-CE/WB/76]

A. K. BHOWMIK, Collector

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय, चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 20 मई, 1977

(केन्द्रीय उत्पाद)

का० आ० 2106—मैं, के०के० द्विवेदी, समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क चण्डीगढ़, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियमावली 1944 के नियम 5 के अन्तर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए एतद्द्वारा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय, चण्डीगढ़ के नीचे दी गई तालिका के कालम 2 में विनिर्दिष्ट श्रेणी में और उससे ऊपर के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारियों को कथित तालिका के कालम 3 में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियमावली 1944 के अन्तर्गत समाहर्ता की शक्तियों को, उनके अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में उसी तालिका के कालम 4 में विहित सीमाओं के अन्तर्गत, प्रयोग में लाने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

दिनांक 24-12-1971 की अधिसूचना संख्या 5-के०उ०शु०/71 इस सीमा तक आशोधित समझा जाए।

तालिका

क्रम सं०	श्रेणी	नियम	सीमाएं
1	2	3	4
1.	अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	नियम 192	—

[अधिसूचना 3/के०उ०शु०/77/पत्राचार संख्या IV(16)तक०/77]

के० के० द्विवेदी, समाहर्ता

Central Excise Collectorate, Chandigarh

Chandigarh, the 20th May, 77

(CENTRAL EXCISE)

S.O. 2106.—In exercise of the powers conferred upon me under Rule 5 of Central Excise Rules, 1944, I, K.K. Dwivedi, Collector of Central Excise Collectorate, Chandigarh, hereby authorise the Central Excise Officers of Central Excise Collectorate, Chandigarh of and above the rank specified in column (2) of the following table, to exercise, within their respective jurisdiction, the powers of "Collector" under the Central Excise Rules, 1944, mentioned in column No. 3 of the said table subject to the limitations set out in column No. (4) thereof:—

Notification No. 5-CE/71 dated 24-12-1971 be treated as modified to this extent.

TABLE

S.No.	Rank	Rule	Limitations
1	2	3	4
1.	Superintendents of Central Excise.	Rule 192	—

[Notification 3-CE/77/C. No. IV(16)9-TECH/77]

K. K. DWIVEDI, Collector

का० आ० 2107.—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 20 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 10 वर्ष में परिपक्व होने वाले 25 करोड़ रुपये (पच्चीस करोड़ रुपये) के उन बांडों पर देय ब्याज की दर 6 प्रतिशत (छः प्रतिशत) वार्षिक निर्धारित करती है, जो कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा 15 से 17 जून, 1977 की अवधि में 99.00 रु० प्रतिशत पर जारी किये जायेंगे तथा उक्त रकम में 10 प्रतिशत अधिक तक पाप्त अंशदान रख लेने का अधिकार निगम को होगा।

[सं० एफ० 14-41/77-ए० सी०]

S.O. 2107.—In pursuance of clause (a) of sub-section (1) of section 20 of the Agricultural Refinance and Development Corporation Act, 1963, (10 of 1963), the Central Government hereby fixes 6 per cent (six per cent) per annum as the rate of interest payable on the bonds of Rs. 25 crores (Rupees twenty five crores) to be issued at Rs. 99.00 per cent during the period 15th to 17th June, 1977 with the right to

retain subscription received upto 10 per cent in excess of the said amount, with a maturity period of 10 years by the Agricultural Refinance and Development Corporation.

[No. F. 14-44/77-AC]

नई दिल्ली, 7 जून, 1977

का० आ० 2108.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबन्ध 1 मार्च, 1977 से 28 फरवरी, 1978 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए शिवसागर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, जोरहाट और कामरूप डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, गोहाटी पर लागू नहीं होंगे।

[सं० एफ०-8/3/77-ए० सी०]

वी० एन० बहादुर, उप सचिव

New Delhi, the 7th June, 1977

S.O. 2108.—In exercise of the powers conferred by section 53 read with section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of Section 11 of the said Act shall not apply to the Sibsagar District Central Cooperative Bank Limited, Jorhat and the Kamrup District Central Co-operative Bank Limited, Gauhati for a period from 1 March, 1977 to 28 February, 1978.

[No. F. 8/3/77-AC]

V. N. BAHADUR, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 6 जून, 1977

का० आ० 2109.—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के उपखण्ड (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री मोहम्मद फजल और श्री एम० नरसिंहम के स्थान पर क्रमशः औद्योगिक विकास विभाग के सचिव श्री एस० एस० मराठे और वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के सचिव डा० मनमोहन सिंह को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक नामित करती है।

[सं० एफ०-10(73) आई० एफ०-I/77]

एम० के० वेंकटाचलम, विशेष कार्य अधिकारी

New Delhi, the 6th June, 1977

S.O. 2109.—In pursuance of sub-clause (i) of clause (c) of sub-section (1) of section 6 of the Industrial Development Bank of India, Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby nominates Shri S. S. Marathe, Secretary, Department of Industrial Development and Dr. Manmohan Singh, Secretary, Department of Economic Affairs, Ministry of Finance as the Directors of the Industrial Development Bank of India vice Shri Mohamed Fazal and Shri M. Narasimham respectively.

[No. F. 10(73) IF. I/77]

M. K. VENKATACHALAM, Officer on Special Duty

नई दिल्ली, 7 जून, 1977

का० आ० 2110.—क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री काशीनाथ चतुर्वेदी को हरदोई उन्नाव ग्रामीण बैंक, हरदोई का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 7 जून, 1977 से प्रारम्भ होकर 31 अक्टूबर, 1977 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसमें श्री काशीनाथ चतुर्वेदी अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[सं० एफ० 1-1/77-आर० आर० बी०]

सी० आर० बिस्वास, उप सचिव

New Delhi, the 7th June, 1977

S.O. 2110.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri Kashi Nath Chaturvedi as the Chairman of the Hardoi-Unnao Gramin Bank, Hardoi and specifies the period commencing on the 7th June, 1977 and ending with the 31st October, 1977 as the period for which the said Shri Kashi Nath Chaturvedi shall hold office as such Chairman.

[No. F. 1-1/77-RRB]

C. R. BISWAS, Dy. Secy.

का० आ० 2111.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषित करती है कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध 27-9-1977 तक पूर्णत्रयीश विलासम बैंक लिमिटेड, त्रिपूर्णीथुरा पर अचल सम्पत्ति अर्थात केरल राज्य में त्रिचूर जिले के कल्लात्तुमकारा ग्राम के सर्वे सं० 176 और 177 के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे।

[सं० 15(17)-बी० ओ० III/77]

S.O. 2111.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of section 9 of the said Act, shall not apply till 27th September 1977 to the Sree Poornathrayeesa Vilasom Bank Ltd., Tripunithura, in respect of the immovable property, viz. survey nos. 176 and 177 at Kalettumkara Village in Trichur District in Kerala State.

[No. 15(17)-B.O.III/77]

का० आ० 2112.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध 31 मार्च, 1978 तक ग्रिंडलेज बैंक लिमिटेड, कलकत्ता पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक कि उनका सम्बन्ध इस बैंक द्वारा निम्नलिखित कम्पनियों के उनके नाम के सामने दिये गये तथा अपने पास रेहन रखे गये शेयरों से है:—

कम्पनी का नाम	रेहन रखने की तारीख	रखे शेयरों का चुकता मूल्य (लाख रुपयों में)
(1) जे० के० आटोमा बाइल्स प्राइवेट	24-11-1966	1.65
लिमिटेड	3-2-1967	0.25
(2) ग्लोब यूनाइटेड इंजीनियरिंग एण्ड फाउण्ड्री	20-11-1960	8.80
कम्पनी लिमिटेड	16-2-1968	8.81
	16-3-1968	0.05

[सं० 15(18)-बी० ओ० III/77]

सं० भा० उमरानीकर, अवर सचिव

S.O. 2112.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (2) of section 19 of the said Act shall not apply, till the 31st March 1978, to the Grindlays Bank Ltd., Calcutta, in respect of the shares held by it as pledge of the undernoted companies as shown against their names:—

Name of the company	Date of Lodgement	Paid-up value of shares held (in lakhs of Rs.)
(1) Jay Kay Automobiles Pvt. Ltd.	24-11-1966	1.65
	3-2-1967	0.25
(2) Globe United Engineering & Foundary Co. Ltd.	20-11-1967	8.80
	16-2-1968	8.81
	16-3-1968	0.05

[No. 15 (18)-B.O.III/77]
M.B. USGAONKAR, Under Secy.

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 4 मई, 1977

का० आ० 2113—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 269 ख की उप-धारा (6) के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और दिनांक 6 फरवरी 1973 के अपने आदेश सं० 5/फा० सं० 328/111/72-धन कर के आंशिक संशोधन में केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, एतद्द्वारा निदेश देता है कि दिनांक 6-2-1973 के उपर्युक्त आदेश के नीचे दी गई सारणी की क्रम सं० 15ए के सामने की स्तंभ (2) और (3) की प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

सारणी

(1)	(2)	(3)
15ए	आयकर आयुक्त कानपुर	निरीक्षी सहायक आयकर आयुक्त, अभिग्रहण रेंज, कानपुर

2. यह आदेश 9 मई, 1977 से लागू होगा।

[सं० 33/77-फा० सं० 316/11/77-धन कर]
एच० एस० मंडल, अवर सचिव

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 4th May, 1977

S.O. 2113.—In exercise of the powers conferred by the Explanation to sub-section (6) of section 269F of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and in partial modification of their order No. 5/F. No. 328/111/72-WT dated 6th February, 1973, the Central Board of Direct Taxes hereby direct that in the Table given below the aforesaid order dated 6-2-73 the entries under columns (2) & (3) against Sl No. 15A shall be substituted by the following:—

TABLE

(1)	(2)	(3)
15A.	Commissioner of Income-tax, Kanpur.	Inspecting Assistant Commissioner of Income-tax, Acquisition Range, Kanpur.

2. This order shall come into force with effect from 9-5-1977.

[No. 33/77-F. No. 316/44/77-WT]
H.N. MANDAL, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

आदेश

नई दिल्ली, 16 मई, 1977

का० आ० 2114—सर्वश्री टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसस (टाटा सन्स प्रा० लि० का एक प्रभाग) बम्बई हाउस, सर होमी मोदी स्ट्रीट, बम्बई-400001 को सामान्य मुद्रा क्षेत्र के अन्तर्गत लाइसेंस के साथ संलग्न सूची के अनुसार एक बरोज़ बी० 6700 संगणक प्रणाली का आयात करने के लिए 71,59,228 रुपए मूल्य का एक आयात लाइसेंस सं० पी/ए/1114646 दि० 20-9-75 130 लाख रुपए के निर्यात आभार के साथ प्रदान किया गया था।

2 उन्होंने उपर्युक्त लाइसेंस की अनुलिपि मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति उनसे खो गई या अस्थानस्थ हो गई है। लाइसेंसधारी द्वारा आगे यह भी सूचना दी गई है कि लाइसेंस में मात्र 2,38,892/- रुपए (26708 18 यू० एस० डालर) अप्रयुक्त शेष बचा हुआ था और लाइसेंस बम्बई सीमा शुल्क कार्यालय, बम्बई में पंजीकृत था।

3 अपने दावे के समर्थन में आवेदक ने एक शपथ-पत्र दाखिल किया है। अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि आयात लाइसेंस सं० पी/ए/1114646 दि० 20-9-75 की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति खो गई या अस्थानस्थ हो गई है और निदेश देता है कि उक्त लाइसेंस की अनुलिपि मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति आवेदक को जारी की जानी चाहिए। उक्त लाइसेंस की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति रद्द की जाती है।

4 लाइसेंस की अनुलिपि मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति अलग से जारी की जा रही है।

[फा० संख्या 4/17/75-76/एम० एस०-2/216]
एम० के० बत्रा, उप-मुख्य नियंत्रक
कृते मुख्य नियंत्रक

MINISTRY OF COMMERCE

Office of the Chief Controller of Imports & Exports

ORDER

New Delhi, the 16th May, 1977

S.O. 2114.—M/s. Tata Consultancy Service, (A Division of Tata Sons Pvt. Ltd.) Bombay House, Sir Homi Mody St. Bombay-400001 were granted import licence No. P/A/1414646 dated 20-9-75 for import of one Burroughs B. 6700 Computer system as per list attached to it valued at Rs. 71,59,228 under C.C.A. with an Export obligation of Rs. 130 lakhs.

2. They have requested for the issue of duplicate exchange purpose copy of the above said licence on the ground that the original exchange purpose copy has been lost or misplaced by them. It has been further reported by the licensee that the licence had an unutilised balance of Rs 2,38,892 (US $26,708.18) only the licence was registered with Bombay Custom House, Bombay.

3. In support of their contention the applicants have filed an affidavit. The undersigned is satisfied that the original exchange purpose copy of import licence No. P/A/1414646 dated 20-9-75 has been lost or misplaced and directs that a duplicate exchange control purpose copy of the said licence should be issued to the applicant. The original exchange control purpose copy of the said licence is cancelled.

4. The duplicate exchange control purpose copy of the licence is being issued separately.

[File No. 4/17/75-76/MI. II/216]

S. K. BATTA, Dy. Chief Controller
for Chief Controller

आदेश

नई दिल्ली, 8 जून, 1977

का० आ० 2115.—सर्वश्री तामिल नाडु लघु उद्योग निगम लि०-5 ग्रीक्स रोड, मद्रास-600006 को निम्नलिखित कच्चे माल जैसे :—

(1) कास्लाक्स-पी 1 बेरियम फेरिस्ट्रस पाउडर

(2) „ - „ 2 स्ट्रान्शियम फेरिट्रस ग्रौर

(3) परमाकोल के ग्रायात के लिए 2,17,838 रुपए के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति सहित ग्रायात लाइसेंस संख्या जी/टी/2419640/एन/एम एन/62/एच/43-44, दिनांक 31-1-1977 दिया गया था । लाइसेंस के साथ वास्तविक उपयोक्ता सर्वश्री, ग्राग रोला मैजेटिक्स प्रा० लि० मैसूर बैंक बिल्डिंग 377, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मार्ग, मद्रास, 600001, तमिल नाडु के पक्ष में प्राधिकार पत्र दिया गया था । जैसा कि टी टी एन एस ग्राई डी सी लि० ने सूचना दी है कि उनसे ग्रायात लाइसेंस ग्रौर प्राधिकार पत्र डाक में खो गए हैं ग्रत. उन्होंने ग्रायात लाइसेंस की ग्रनुलिपि के साथ, वास्तविक उपयोक्ता के नाम में नये प्राधिकार पत्र की ग्रनुलिपि प्रति जारी करने के लिए ग्रावेदन किया है । उन्होंने इस बात की पुष्टि कर दी है कि मूल ग्रायात लाइसेंस किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत नहीं करवाया गया था ग्रौर इसलिए उसका उपयोग नहीं किया गया था ।

2 ग्रपने पूर्वोक्त कथन के समर्थन में टी एन एस ग्राई डी सी लि० 1976-77 की ग्रायात व्यापार नियंत्रण नियम तथा क्रियाविधि पुस्तक (परिशिष्ट 8 के निर्दिष्ट प्रपत्र में स्टाम्प कागज पर एक शपथ-पत्र दाखिल किया है । उन्होंने वचन दिया है कि मूल ग्रायात लाइसेंस यदि पहले मिल गया तो प्राधिकार पत्र (दोनों प्रतियां) के साथ रिकार्ड के लिए इस कार्यालय को वापिस कर देंगे । मैं संतुष्ट हूं कि ग्रायात लाइसेंस संख्या जी/टी/2419640/एन/एम एन/62/एच/43-44 दिनांक 31-1-77 की मूल प्रति खो गई है ग्रौर ग्रादेश देता हूं कि वास्तविक उपयोक्ता के नाम में प्राधिकार-पत्र की ग्रनुलिपि के साथ ग्रायात लाइसेंस की ग्रनुलिपि (टी एन एस ग्राई डी सी लि०) को भेजी जाए । ग्रायात लाइसेंस की मूल प्रति को रद्द माना जाए ।

3. प्राधिकार-पत्र के साथ ग्रायात लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति के साथ ग्रनुलिपि प्रति ग्रलग से जारी की जा रही है ग्रौर टी एन एस ग्राई डी सी लि०, मद्रास को भेजी जा रही है ।

[सं० 56/ग्राई० एन० एस० ए०/76-76/बी एल एस/696]

एच० एल० बहल, उप-मुख्य नियंत्रक
कृते मुख्य नियंत्रक

ORDER

New Delhi, the 8th June, 1977

S.O. 2115.—The Tamil Nadu Small Industries Development Corporation Limited, 5 Greams Road, Madras-600006 was granted Import Licence No. G/T/2419640/N/MN/62/H/43-44 dated 31-1-1977 with Exchange Control Purpose Copy for Rs. 2,17,838 c.i.f. only for import of the following raw materials, viz., (i) Caslox-P-1 Barium Ferrits Powder; (ii) Caslox P-2 Strondium Ferrits; and (iii) Permacol, with Letter of Authority in favour of the Actual User—M/s. Aag Rola Magetics Pvt. Ltd., Mysore Bank Building, 377, Netaji Subhash Chandra Bose Road, Madras-600001, Tamil Nadu. The TNSIDC Ltd. has now applied for a duplicate copy of Import Licence (with Exchange Control Purposes copy) along with fresh Letter of Authority, in duplicate, in favour of the Actual User, as these are reported to have been lost in the transit. They have confirmed that the original Import Licence was not registered with any Customs authorities and hence not utilised.

2. In support of the above contention the TNSIDC Ltd. has filed an affidavit on a stamped paper in the prescribed form as given in Appendix 8 of the ITC Hand Book of Rules and Procedure for 1976-77. They have undertaken to return the original Import Licence with Letter of Authority (both in duplicate) if traced later to this office for record. I am satisfied that the original Import Licence No. G/T/2419640/N/MN/62/H/43-44 dated 31-1-77 has been lost and direct that a duplicate import Licence with exchange Control Purposes Copy along with Letter of Authority in favour of the Actual User should be issued and forwarded to them (TNSIDC Ltd.). The original Import Licence may be treated as cancelled.

3 A duplicate Import Licence with Exchange Control Purposes Copy together with letter of Authority in duplicate is being issued separately and forwarded to the TNSIDC Ltd., Madras.

[No. 56/INSA/76-77/BLS/696]

H. L. BAHL, Dy. Chief Controller
for Chief Controller

उद्योग मंत्रालय

(ग्रौद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 17 मई, 1977

का० आ० 2116.—केन्द्रीय सरकार, पेटेन्ट ग्रधिनियम, 1970 (1970 का 37) की धारा 152 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग ग्रौर नागरिक पूर्ति मंत्रालय (ग्रौद्योगिक विकास विभाग) की ग्रधिसूचना सं० का० ग्रा० 2819, तारीख 29 जुलाई, 1975 में निम्नलिखित संशोधन करती है, ग्रर्थात् :—

उक्त ग्रधिसूचना में, "2 ग्रासाम" शीर्षक नीचे जोरहाट के सामने विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, ग्रर्थात् :—

"निदेशक,
प्रादेशिक ग्रनुसंधान प्रयोगशाला,
जोरहाट-6 (ग्रासाम) ।"

[फा० सं० 19(10)/77-पी पी एण्ड सी]

बी० एन० माथुर, ग्रवर सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

New Delhi the 17th May, 1977

S.O.2116.—In exercise of the powers conferred by section 152 of the Patent Act, 1970 (39 of 1970), the Central Government hereby makes the following amendment

in the notification of the Government of India in the late Ministry of Industry and Civil Supplies, (Department of Industrial Development) No. S. O. 2819, dated the 29th July, 1975 namely :—

In the said notification under the heading "2. Assam" for the existing entry against Jorhat, the following entry shall be substituted namely :—

"The Director,
Regional Research Laboratory,
Jorhat-6, 'Assam'."

[F. No. 19(10)/77-PP&C]
B. N. MATHUR, Under Secy.

CORRIGENDUM

New Delhi, the 19th March, 1977

S.O. 2117/18FB/IDRA/77.—In exercise of the powers conferred by section 18FB of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951, the Central Government hereby makes the following amendment in the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S. O. 826(F)/18FB/IDRA/76 dated 23rd December, 1976, namely :—

In the said Order, after the words "limits guaranteed", the words 'by the Government of Maharashtra and the amounts drawn" shall be inserted.

[F. No. 3/17 75-CUC]
R. P. PAHWA, Under Secy.

(भारी उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, 30 मई 1977

का० आ० 2118.—सरकारी परिसर (गैर-कानूनी कब्जा की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे दी गई तालिका के कालम 1 में उल्लिखित अधिकारी जो सरकारी राजपत्रित अधिकारी के समकक्ष का अधिकारी है, को सम्पदा अधिकारी नियुक्त करती है जो उक्त तालिका के कालम 2 में उल्लिखित सरकारी परिसर के मामले में अपने अधिकार सीमा में उक्त अधिनियम के द्वारा अथवा के अधीन सम्पदा अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और सौंपे गये दायित्वों का पालन करेगा।

तालिका

अधिकारी का पद नाम	सरकारी परिसर की श्रेणी और अधिकार क्षेत्र की स्थानीय सीमा
1	2
वाणिज्यिक प्रबंधक (निर्माण तथा सर्विसिंग) माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन लिमिटेड, दुर्गापुर	कारखाने की इमारत क्षेत्र के अलावा माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कार्पोरेशन लिमिटेड दुर्गापुर के उपक्रम से संबंधित परिसर

[फ़ा० सं० 13(2)/77-एच० ई० पी०-1/एम० ए० एम० सी०]
आर० एन० कालिया, उप सचिव

(Department of Heavy Industry)

New Delhi, the 30th May, 1977

S.O. 2128.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officer mentioned in column 1 of the Table below being officer equivalent to the rank of gazetted officer of Government, to be as Estate Officer for the purposes of the said Act who shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed on the Estate Officer by or under the said Act, within the limits of his jurisdiction in respect of the public premises specified in column 2 of the said Table.

TABLE

Designation of the Officer	Categories of public premise and local limits of jurisdiction
(1)	(2)
Commercial Manager (Erection & Servicing), Mining & Allied Machinery Corporation Limited, Durgapur.	Premises belonging to the undertaking of Mining and Allied Machinery Corporation Limited, Durgapur other than the area of the factory building.

[F.No.13(2)/77-HBP-I/MAMC]
R. N. KALIA, Dy. Secy.

नागरिक पूर्ति तथा सहकारिता मंत्रालय

भारतीय मानक संस्था

नई दिल्ली, 1977-06-02

का० आ० 2119—समय समय पर संशोधित भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिन्हन) विनियम, 1955 के विनियम 14 के उपविनियम (4) के अनुसार भारतीय मानक संस्था द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि लाइसेंस संख्या सी० एम०/एल०-5480 जिसके ब्यौरे नीचे अनुसूची में दिए गए हैं, फर्म का नाम और स्वामित्व बदल जाने के कारण 1977-04-01 से रद्द कर दिया गया है।

अनुसूची

क्रम संख्या	लाइसेंस संख्या और तिथि	लाइसेंसधारी का नाम और पता	रद्द किए गए लाइसेंस के अधीन वस्तु/प्रक्रिया	तत्सम्बन्धी भारतीय मानक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	सी एम/एल-5480 1976-09-06	सर्वश्री नार्थ बंगाल प्लाईवुड इंडस्ट्रीज, तीसरा मील, सेवोक रोड, डाकघर इक्तियासाल, जिला जलपाईगुड़ी-735101 इनका कार्यालय राय भवन, सेठ श्रीलाल मार्केट, डाकघर सिलीगुड़ी, जिला दार्जिलिंग (प० बंगाल) में है।	चाय की पेटियों के लिए प्लाईवुड के तख्ते मार्का. 'एनबीपी'	IS. 10-1970 चाय की पेटियों के लिए प्लाईवुड की विशिष्टि (तीसरा पुनरीक्षण)

[संख्या सी० एम० डी०/55.5480]
ए० बी० राव, उप महानिदेशक

MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES & COOPERATION

INDIAN STANDARDS INSTITUTION

New Delhi, 1977-06-02

S. O. 2119.—In pursuance of sub-regulation (4) of regulation 14 of the Indian Standards Insittution (Certification Marks), Regulations 1955 as amended from time to time, the Indian Standards Institution hereby notifies that Licence No. CM/L-5480 particulars of which are given below has been cancelled with effect from 1977-02-01 due to change in the name of the firm and ownership.

Sl. No.	Licence No. and Date	Name & Address of the Licensee	Article/Process governed by the Licensees Cancelled	Relevant Indian Standard
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	CM/L-5480 1976-09-06	M/s. North Bengal Plywood Industries, 3rd Mile, Sevoke Road, P.O. Ektiasal Distt. Jalpaiguri-735101 having their office at Rai Bhawan, Seth Srilal Marhet P.O. Siliguri, Distt. Darjeeling (West Bengal)	Tea-chest Plywood Panels Brand : 'NBP'	IS : 10-1970 Specification for plywood tea-chests (Third Revision)

[No. CMD/55: 5480]
A. B. RAO, Dy. Director General

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

नई दिल्ली, 8 जून, 1977

का० आ० 2120.—यत केन्द्रीय सरकार की राय में भारत में खनिजों के सरक्षण और विकास के लिये यह आवश्यक है कि निम्नलिखित सारणी में उन विनिर्दिष्ट भूमियों में या के अन्तर्गत उपलब्ध खनिजों के सम्बन्ध में जिनके लिये उड़ीसा सरकार द्वारा खनन पट्टे मजूर किये गये है यथा सभव उपर्युक्त जानकारी एकत्र की जाये —

अत यत्र खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम 1957 (1957 का 67) के खंड 18 के उप खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उड़ीसा सरकार से परामर्श के बाद, भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण को कथित सारणी में विनिर्दिष्ट भूमि के सम्बन्ध में उक्त जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से जो भी आवश्यक हो, एतद्द्वारा, व्यापक खोज कार्य के लिये प्राधिकृत करती है :—

सारणी

क्रम सं०	स्थान/ग्राम	मुकिन्दा पट्टी: तहसील और जिला	पट्टाधारी	क्षेत्र हेक्टरों में
1	2	3	4	5
1	भीमटगर	मुकिन्दा (कटक)	मै० टाटा आइरन एण्ड स्टील कम्पनी	1100
2	कालिआपानी	मुकिन्दा (कटक)	मै० उड़ीसा माइनिंग कारपोरेशन लि०	971

1	2	3	4	5
3.	भीमटंगर खान और भतत्व निदेशालय का (पहले टाटा आयरन एंड कम्पनी का)	सुकिन्दा (कटक)	भूतत्व और खनन निदेशालय, उड़ीसा	454
4	सुकरंगी	सुकिन्दा (कटक)	भूतत्व और खनन निदेशालय, उड़ीसा	446
5	कामरदा	सुकिन्दा (कटक)	श्री बी० सी० मोहन्ती	107
6	सरूआबिल	सुकिन्दा (कटक)	मै० मिश्री लाल माइन्स प्राइवट लिमिटेड	259
		नौसाही पट्टी		
7	बौला	आनन्दपुर जिला क्योंझर	मै० एफ० एसी० ओ० आर०	187
8.	नौसाही (न्यु)	आनन्द पुर जिला क्योंझर	मै० सिराजुद्दीन एंड कं०	41
9.	नौसाही (पुराना)	आनन्दपुर जिला क्योंझर	मै० सिराजुद्दीन एंड क०	41

[फाइल संख्या 1(1)/77-खान-6/एम० वी०]

टी० आर० विश्वनाथन, उप सचिव

MINISTRY OF STEEL AND MINES
(Department of Mines)

New Delhi the 8th June, 1977

S. O. 2120.—Whereas the Central Government is of opinion that for the conservation and development of minerals in India, it is necessary to collect as precise information as possible with regard to any mineral available in or under the lands specified in the Table below in relation to which mining leases have been granted by the Government of Orissa;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 18A of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957 (67 of 1957), the Central Government after consultation with the Government of Orissa, hereby authorises the Geological Survey of India to carry out such detailed investigations for the purpose of obtaining such information as may be necessary in relation to the lands specified in the said Table.

TABLE

S. No.	Location/ Village	Tehsil and District	Lessee	Area in Hectares
1	2	3	4	5
		Sukinda Belt		
1.	Bhimtangar	Sukinda (Cuttack)	Messrs Tata Iron and Steel Company.	1400
2.	Kaliapani	Sukinda (Cuttack)	Messrs Orissa Mining Corporation Limited.	971
3.	Bhimtangar of Directorate of Mines and Geology (Formerly of TISCO)	Sukinda (Cuttack)	Directorate of Geology and Mining, Orissa.	454
4.	Sukarangi	Sukinda (Cuttack)	Directorate of Geology and Mining, Orissa.	446
5.	Kamarda	Sukinda (Cuttack)	Shri B.C. Mohanty.	107
6.	Saruabil	Sukinda (Cuttack)	Messrs Misrilal Mines Private Limited	259
		Nausahi Belt		
7.	Boula	Anandpur, District Keonjhar.	Messrs FACOR	187
8.	Nausahi (New)	Anandpur, District, Keonjhar.	Messrs Serajuddin and Company.	41
9.	Nausahi (Old)	Anandpur, District, Keonjhar.	Messrs Serajuddin and Company	41

[File No. 1(1)/77-MVI/MV]

T. R. VISWANATHAN, Dy. Secy

पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली, 10 जून, 1977

का० आ० 2121.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप नं० एन० के० ए० जेड० से डब्ल्यू० एच० आई० एन० के०-25 तक पेट्रोलियम के परिवहन के लिए पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिए।

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है।

अतः अब पेट्रोलियम पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है:

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिये आक्षेप सक्षम अधिकारी, तेल और प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देख-भाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, बड़ोदरा-9 को इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा।

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत।

अनुसूची

कूप नं० एन० के० ए० जेड० से डब्ल्यू० एच० आई० एन० के०-25 तक भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन करना ।

राज्य गुजरात जिला : अहमदाबाद तालुका वीरमगम

गाव	सर्वेक्षण नं०	हैक्टेयर	ए आर ई	सेन्टीयर
तेलावी	191	0	02	40
	190	0	13	20
	कार्ट-ट्रैक	0	00	84
	214	0	25	32
	212/1	0	07	20
	209/4/4	0	13	20
	210/2	0	13	20
	209/4/1	0	15	24
	कार्ट-ट्रैक	0	00	60
	226/4/1	0	43	20
	226/3/1	0	10	10
	226/5/11	0	12	60
	226/2/1	0	02	10
	225/4	0	03	60

[सं० 12016/2/77-प्रोडक्शन I]

MINISTRY OF PETROLEUM

New Delhi, the 18th June, 1977

S.O. 2121.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from Well No. NKAZ to WHI NK-25 in Gujarat State pipelines should be laid by the Oil Natural Gas Commission ;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the Right of User in the land described in the schedule annexed hereto ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by subsection (1) of the section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of used in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein :

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Construction & Maintainance Division, Makarpura Road, Vadodara-9 ;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a legal practitioner.

SCHEDULE

Acquisition of right of user for well no. NKAZ to WHINK-25.

State : Gujarat District : Ahmedabad Taluka : Viramgam

Village	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
1	2	3	4	5
Telavi	191	0	02	40
	190	0	13	20
	Cart-track	0	00	84
	214	0	25	32
	212/1	0	07	20
	209/4/4	0	13	20
	210/2	0	13	20
	209/4/1	0	15	24
	Cart-track	0	00	60
	226/4/1	0	43	20
	226/3/1	0	10	40
	226/5/11	0	12	60
	226/2/1	0	02	40
	225/4	0	03	60

[No. 12016/2/77-Prod. I]

का० आ० 2122.—यत: केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप नं० एन० के० बी० क्यू० से डब्ल्यू० एच० आई० कादी-25 तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिये ।

और यत: यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए एतत्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है ।

अत: अब पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद् द्वारा घोषित किया है :

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिए आक्षेप सक्षम अधिकारी, तेल और प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देखभाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, बडोदरा-9 को इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा ।

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टत यह भी कथन करेगा कि क्या वह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत ।

अनुसूची

कूप नं० एन० के० बी० क्यू० से डब्ल्यू० एच० आई० कादी-25 तक भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन करना ।

राज्य गुजरात जिला अहमदाबाद तालुका वीरगमन

गाव	सर्वेक्षण सं०	हेक्टयर	ए आर ई	सेन्टीयर
तेलावी	236/5/पी	0	69	84
	226/5/3-पी०	0	03	60

[सं० 12016/2/77-प्रोडक्शन II]

S.O. 2122.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from Well No. NKBQ to WHI Kadi 25 in Gujarat State pipelines should be laid by the Oil & Natural Gas Commission ;

And whether it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the Right of User in the land described in the schedule annexed hereto;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by subsection (1) of the section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of user in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein ;

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Construction & Maintenance Division, Makarpura Road, Vadodara-9;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a legal practitioner.

SCHEDULE

Acquision of right of user from Well No. Nkbq to W.H.I. Kadi-25

State : Gujarat District : Ahmedabad Taluka : Viramgam

Village	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
Telavi	236/5/P	0	69	84
	226/5/3-P	0	03	60

[No. 12016/2/77-Prod.II]

का० आ० 2123.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप नं० 9 (जी० जी० एस०-1) से मतवान-1 तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिये पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिये ;

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये एतत्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है ;

अतः अब पैट्रोलियम पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है ;

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइपलाइन बिछाने के लिये आक्षेप सक्षम अधिकारी, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण तथा अनुरक्षण प्रभाग, मकरपुरा रोड, बडोदरा-9 को इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा ;

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत।

अनुसूची

कूप नं० 9 (जी० जी० एस०-1) से मोतवान-1 तक पाइपलाइन बिछाने के लिये भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन करना

राज्य : गुजरात जिला : भरूच तालुका : अंकलेश्वर

गांव	सर्वेक्षण नं०	हेक्टेयर	एआरई	सेन्टीयर
1	2	2	4	5
सारथान	68	0	07	28
	70/4	0	05	72
	70/5	0	04	94
	70/6	0	07	93
	70/7	0	04	55
	70/8	0	08	84
	70/9	0	18	07
	70/10	0	15	60
सारथान—जारी	98/2	0	03	12
	105	0	01	69
मोतवान	63	0	03	64
	71/1	0	14	17
	70/1+2	0	17	42
	68/1	0	08	84
	68/2/1	0	05	20
	68/2/2	0	06	50
	65/1 बी	0	02	60
	65/2 ए	0	26	00
	54	0	06	89
	55	0	15	21
	56/1	0	14	43
	58/1	0	06	76
	58/2	0	14	30
	50/12	0	03	12
	50/14	0	09	75

[सं० 12016/3/77-प्रोडक्शन]

टी० पी० सुब्रह्मनियन, अवर सचिव

S.O. 2123.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from Well No. 9 (GGS-I) to Motwan-1 in Gujarat State pipelines should be laid by the Oil & Natural Gas Commission ;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the right of user in the land described in the schedule annexed hereto ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of the section 3 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein ;

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Construction & Maintenance Division, Makarpura Road, Vadodara-9;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a legal practitioner.

SCHEDULE

Acquisition of R.O.U. for laying pipelines from Well No. 9 (GGS-1) to Motwan-1

State : Gujarat District : Broach Taluka : Ankleshvar

Villages	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
1	2	3	4	5
Sarthan	68	0	07	28
	70/4	0	05	72
	70/5	0	04	94
	70/6	0	07	93
	70/7	0	04	55
	70/8	0	08	84
	70/9	0	18	07
	70/10	0	15	60
	98/2	0	03	12
	105	0	01	69

1	2	3	4	5
Motwan	63	0	03	64
	71/1	0	14	17
	70/1+2	0	17	42
	68/1	0	08	84
	68/2/1	0	05	20
	68/2/2	0	06	50
	65/1B	0	02	60
	65/2A	0	26	00
	54	0	06	89
	55	0	15	21
	56/1	0	14	43
	58/1	0	06	76
	58/2	0	14	30
	50/12	0	03	12
	50/14	0	09	75

[No. 12016/3/77-Prod.]

T. P. SUBRAHMANYAN Under Secy.

कृषि व सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, 11 अप्रैल, 1977

का० आ० 2124.—पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 (1960 का 59) की धारा 5 की उप धारा (1) के उपबन्धो के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को प्रत्येक के सामने दी गई तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पशु कल्याण मण्डल का सदस्य मनोनीत करती है :—

सदस्य	तारीख	अवधि	श्रेणी
1. श्रीमती रुकमणी देवी अरुणडेल	18-3-77	3 वर्ष	धारा 5(1) (एच) केन्द्रीय सरकार की नामजद सदस्या।
2. श्री जयंतीलाल नारादियन मांकर	18-3-77	3 वर्ष	धारा (5)1 (एफ) बम्बई ह्यूमनीटेरियन लीग, बम्बई के प्रतिनिधि।
3. श्री जी० आर० राजगोपाल	18-3-77	3 वर्ष	धारा 5(1) (एच) केन्द्रीय सरकार के नामजद सदस्य।

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्रीमती रुकमणी देवी अरुणडेल को उपर बताए गए अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के अनुपालन में पशु कल्याण मण्डल की अध्यक्षा मनोनीत करती है।

[सं० 14-27/73-एल० डी०-I]

पी० जी० रामरखियानी, उप सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE & IRRIGATION

(Department of Agriculture)

New Delhi, the 11th April, 1977

S. O. 2124.—Under provisions of Sub-section (1) of Section 5 of the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960 (59 of 1960), the Central Government hereby nominates the following persons to be the member of the Animal Welfare Board for a further period of three years, as shown against each member:—

Member	Date	Period	Category
1. Smt. Rukmini Devi Arundale	18-3-77	3 years	Section 5(1) (h)—Nominee of the Central Government.
2. Shri Jayantilal Naradial Mankar.	18-3-77	3 years	Section 5(1)(f)—Representative of Bombay Humanitarian League, Bombay.
3. Shri G.R. Rajagopaul.	18-3-77	3 years	Section 5(1)(h)—Nominee of the Central Government.

2. The Central Government hereby nominates Smt. Rukmini Devi Arundale to be the Chairman of the Animal Welfare Board in pursuance of sub-section (3) of Section 5 of the said Act.

[No. 14-27/73-LD I]

P. G. RAMRAKHIANI, Dy. Secy.

(कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 20 मई, 1977

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (निवास स्थानो का आबंटन) पुनरीक्षण नियम, 1977

का० आ० 2125.—मूल नियमों के नियम 45 के अनुसरण में, राष्ट्रपति अनुपूरक नियमो में, जो भारत सरकार के भूतपूर्व वित्त विभाग के पत्र सं० 104-सी० एम० आर० तारीख 4 फरवरी, 1922 के साथ जारी किए गए थे, और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

उक्त नियमो के भाग 8 मे, खण्ड 26-ण और उसके नीचे के शीर्षक और नियमों के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड, शीर्षक और नियम रखे जायेंगे; अर्थात् :—

"खण्ड 26 ण—भारतीय कृषि अनुसंधान सस्थान (निवास स्थानों का आबंटन) नियम, 1977—

अ० नि० 317-ण-1 : संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ :—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (निवास स्थानो का आबंटन) नियम, 1977 है।

(2) ये सरकार के और भारतीय कृषि अनुसधान संस्थान के परिसरों के भीतर स्थित निवासी भवनो को लागू होंगे।

(3) ये राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

अ० नि० 317 ण-2 : इन नियमो में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "आबंटन" से इन नियमो के उपबन्धों के अनुसार किसी निवास स्थान को अधिभोग में रखने के लिए अनुज्ञप्ति देना अभिप्रेत है,

(ख) "आबंटन" वर्ष से प्रथम जनवरी को आरम्भ होने वाला वर्ष या ऐसी अन्य अवधि अभिप्रेत है, जो राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचित की जाए;

(ग) "निदेशक" से संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसकी ओर से कार्य करने के लिए उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी भी है;

(घ) "पात्र कार्यालय" से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और उसके वे उप-केन्द्र अभिप्रेत है जिनके कर्मचारिवृन्द को निदेशक द्वारा इन नियमों के अधीन वास सुविधा के लिए पात्र घोषित किया गया है;

(ङ) "उपलब्धियां" से मूल नियम 45 ग में यथा परिभाषित उपलब्धियां अभिप्रेत है, किन्तु इनके अन्तर्गत प्रतिकरात्मक भत्ते सम्मिलित नहीं हैं,

स्पष्टीकरण :—किसी निलम्बित अधिकारी के मामले में उसके द्वारा उस आबंटन वर्ष के जिसमें वह निलम्बित किया गया है, प्रथम दिन को, अथवा यदि वह आबंटन वर्ष के प्रथम दिन को निलम्बित रहा है तो उसके द्वारा उस तारीख से ठीक पहले, ली गई 'उपलब्धियां' मानी जाएंगी ।

(च) "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है, यथास्थिति पत्नी, या पति और संतान, सौतेली संतान, वैध रूप से दत्तक ली गई संतान, माता पिता, भाई अथवा बहनें जो सामान्यत: अधिकारी के साथ निवास करते है और उस पर आश्रित है;

(छ) "सरकार" से केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है;

(ज) "संस्थान" से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली अभिप्रेत है;

(झ) "अनुज्ञप्ति" फीस से इन नियमों के अधीन आबंटित निवास स्थान के सम्बन्ध में, मूल नियमों के उपबन्धों के अनुसार मासिक रूप से सन्देय धनराशि अभिप्रेत है;

(ञ) इन नियमों के अधीन निवास स्थानों के आबंटन के लिए किसी अधिकारी की "पूर्विकता तारीख" से वह पूर्वतम तारीख अभिप्रेत है जिससे वह संस्थान के अधीन किसी पद पर निरन्तर अहैक नियुक्ति जिसमें प्रतिनियुक्ति, अन्यत्र सेवा, प्रशिक्षण या छुट्टी आदि पर प्राधिकृत अनुपस्थिति की अवधि सम्मिलित है, धारण करता है;

परन्तु अ० नि० 317-ण-5 के उपबन्धों के अधीन निवास स्थान के टाइप के लिए पात्रता का अवधारण उन उपलब्धियों पर किया जाएगा, जो विनिर्दिष्ट किए जाने वाले आबंटन वर्ष की प्रथम तारीख को उसकी हो;

परन्तु यह और कि टाइप V और टाइप VI के लिए पात्र अधिकारी जिस टाइप के लिए वे पात्र हैं उसके ठीक नीचे के टाइप के अर्थात् क्रमश: टाइप IV और टाइप V के, निवास स्थान के आबंटन के लिए भी पात्र होंगे ।

परन्तु यह और भी कि जहां दो या अधिक अधिकारियों की पूर्विकता तारीख एक ही हो वहां उनके बीच ज्येष्ठता उपलब्धियों की राशि से अवधारित की जाएगी अर्थात् अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी को कम उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी से अग्रता दी जाएगी, और जहां उपलब्धियां एक ही है वहां ज्येष्ठता सेवा काल की दीर्घता के अनुसार की जाएगी ;

(ट) "निवास स्थान" से ऐसा निवास स्थान अभिप्रेत है जो तत्समय निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण में हो;

(ठ) "उप-पट्टे पर देना" के अन्तर्गत किसी आबंटिती द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ, उस अन्य व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर अथवा उसके बिना, वास सुविधा का सहभोग करना भी है;

स्पष्टीकरण :—आबंटिती द्वारा अपने निकट के सम्बन्धियों के साथ वास सुविधा का सहभोग उपपट्टे पर देना नहीं समझा जाएगा।

(ड) "स्थानान्तरण" से नई दिल्ली स्थित संस्थान के कार्यालय से नई दिल्ली के बाहर संस्थान के किसी अन्य कार्यालय को, या विपरीततः, स्थानान्तरण अभिप्रेत है और इसमें किसी आत्र कार्यालय या संगठन में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति अभिप्रेत है;

(ढ) "अस्थायी स्थानान्तरण" से वह स्थानान्तरण अभिप्रेत है, जिसमें चार मास से अनधिक की अनुपस्थिति हो;

(ण) किसी अधिकारी के संबंध में "टाइप" से निवास स्थान का वह टाइप अभिप्रेत है, जिसका वह अनु० नि० 317-ण-5 के अधीन पात्र है।

अनु० नि० 317-ण-3 : जिन अधिकारियों के अपने मकान हैं वे इन नियमों के अधीन आबंटन के लिए अपात्र होंगे :—कोई अधिकारी इन नियमों के अधीन निवास स्थान के आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह नई दिल्ली/दिल्ली की नगरपालिका सीमाओं के भीतर अपने स्वयं के नाम में या अपनी—पत्नी या पति के नाम में या अपने किसी आश्रित के नाम में किसी मकान या उसके भाग का स्वामी है।

अनु० नि० 317-ण-4 : पति और पत्नी का, आबंटन—एक दूसरे से विवाहित अधिकारियों के मामले में पात्रता :—

(1) जहां पति और पत्नी दोनों ही संस्थान के अधीन कर्मचारी है वहां इन नियमों के अधीन निवास स्थान के आबंटन के लिये दोनों अधिकारियों में से प्रत्येक के हक पर स्वतंत्र रूप से विचार किया जाएगा।

(2) किसी अधिकारी को, जिसकी यथास्थिति, पत्नी या पति को पहले ही कोई निवास स्थान आबंटित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन कोई निवास स्थान तब तक आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसा निवास स्थान अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता :

परन्तु यह उपनियम वहां लागू नहीं होगा, जहां पति पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए किसी न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में अलग अलग निवास कर रहे हैं।

(3) जहां दो अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन पृथक रूप से आबंटित निवास स्थानों के अधिभोगी है, एक दूसरे से विवाह कर लें जहां वे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से एक अभ्यर्पित करेंगे।

(4) यदि निवास स्थान का अभ्यर्पण, उपनियम (2) की अपेक्षानुसार, नहीं किया जाता है तो निम्नतर टाइप के निवास स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द हो गया समझा जाएगा और यदि निवासस्थान एक ही टाइप के है तो निदेशक के विनिश्चयानुसार उनमें से एक का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द हो गया समझा जाएगा।

(5) उप नियम (1) से (4) तक में किसी बात के होते हुए भी,—

(क) यदि, यथास्थिति, पत्नी या पति को, जो इन नियमों के अधीन किसी निवास स्थान का आबंटिती है, ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते एक ही, स्टेशन पर बाद में कोई वास-सुविधा आबंटित कर दी जाती है तो, यथास्थिति, पत्नी या पति ऐसे आबंटन के एक मास के भीतर इन निवास स्थानों में से कोई एक अभ्यर्पित कर देगा,

परन्तु यह खण्ड वहां लागू नहीं होगा जहां पति-पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में, अलग अलग रह रहे है;

(ख) जहां दो अधिकारी, जो एक ही स्टेशन पर ऐसे पृथक निवास-स्थानों के अधिभोगी है, जिनमें से एक निवास-स्थान इन नियमों के अधीन आबंटित किया गया हो और दूसरा ऐसे

पूल से, जिसमें ये नियम लागू नहीं होते, एक दूसरे से विवाह कर लेते हैं वहां उनमें से कोई भी एक अधिकारी ऐसे विवाह के एक मास के भीतर उस निवास-स्थानों में से किसी एक को अभ्यर्पित कर देगा;

(ग) यदि निवास-स्थान का अभ्यर्पण, यथास्थिति, खण्ड (क) या खण्ड (ख) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है तो इन नियमों के अधीन किया गया निवास स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द कर दिया गया समझा जाएगा।

अ० नि०-317-ण-5 : निवास स्थानों का वर्गीकरण—इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय अधिकारी नीचे की सारणी में दर्शित टाइप के निवास-स्थान के आबंटन का पात्र होगा :

सारणी

निवास-स्थान का टाइप	अधिकारी को जिस आबंटन वर्ष में आबंटन किया जाए उसके प्रथम दिन उसकी मासिक उपलब्धियों के आधार पर उसका प्रवर्ग	निवास-स्थान
1	2	3
I.	260 रुपए प्रतिमास से कम	वर्ग IV टाइप I
II.	500 रुपए से कम किन्तु 260 रुपए अन्यून प्रतिमास	टाइप II-ए, II-बी, एच और ई
III.	700 रुपए से कम किन्तु 500 रुपए से अन्यून प्रतिमास	टाइप डी
IV.	1000 रुपए से कम किन्तु 700 रुपए से अन्यून प्रतिमास	डी-II फ्लैटस और सी टाइप
V.	1650 रुपए से कम किन्तु 1000 रुपए से अन्यून प्रतिमास	टाइप सी
VI.	2500 रुपए से कम किन्तु 1650 रुपए से अन्यून प्रतिमास	टाइप बी
VII.	निदेशक	टाइप बी।

निवास स्थानों का वर्गीकरण और आरक्षण वैसा ही होगा जैसा इन नियमों से उपाबद्ध क्रमशः अनुसूची 1 और 2 में दिया गया है। उस पद के छोड़ने पर, जिसके लिए निवास स्थान निश्चित किया गया है, आरक्षित क्वार्टर के निवास स्थान को रखे रहने के लिए अनुज्ञात अवधि दो मास होगी जिसके अवसान पर अधिकारी निवास-स्थान खाली कर देगा।

अ० नि०-317-ण-6 : आबंटन के लिये आवेदन :

(1) प्रत्येक सरकारी अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन सरकारी आवास सुविधा का अधिभोगी है, अपना आवेदन ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तथा ऐसी तारीख तक भेजेगा जो निदेशक, द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए।

(2) उन अधिकारियों की दशा में, जो इन नियमों के अधीन आवास सुविधा, के अधिभोगी नहीं हैं, निदेशक ऐसे प्ररुप में और ऐसी रीति से तथा ऐसे तारीख से पूर्व, जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, आवेदन आमन्त्रित करेगा।

(3) वह अधिकारी, जो प्रथम नियुक्ति पर या स्थानान्तरण पर स्थान में पदभार ग्रहण करता है, अपना आवेदन पदभार ग्रहण करने के एक मास के भीतर निदेशक को भेज सकेगा।

(4) किसी कैलेण्डर मास की 20 तारीख को या उससे पूर्व उपनियम (3) के अधीन प्राप्त आवेदनों पर ही, उत्तरवर्ती मास में आबंटन के लिए, विचार किया जाएगा।

अ० नि० 317-ण-7 : निवास-स्थानों का आबन्टन और प्रस्थापनाएं

(1) इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय किसी निवास-स्थान के खाली होने पर, वह निदेशक द्वारा अधिमानतः उस आवेदन को आबंटित किया जाएगा, जो अ० नि० 317-ण-16 के उपबन्धो के अधीन उस टाइप की वास-सुविधा में परिवर्तन चाहता है और यदि वह उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित न हो तो, उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जिसके पास उस टाइप की आवास सुविधा नहीं है और जिसकी उस टाइप के निवास-स्थान के लिए पूर्विकता तारीख सबसे पहले की हो। यह आबंटन निम्नलिखित शर्तों पर होगा, अर्थात :—

(i) निदेशक उस टाइप से उच्चतर टाइप के निवास-स्थान का आबंटन नहीं करेगा जिसके लिए आवेदक अ० नि० 316-ण-5 के अधीन पात्र है।

(ii) निदेशक किसी आवेदक को इस बात के लिए विवश नहीं करेगा कि वह जिस टाइप के लिए अ० नि० 417-ण-5 के अधीन पात्र है उससे निम्नतर टाइप के निवास-स्थान को स्वीकार करे।

(iii) निदेशक, किसी निम्नतर प्रवर्ग के निवास-स्थान के आबंटन के लिए किसी आवेदक की प्रार्थना प्राप्त होने पर, उसे ऐसे टाइप में ठीक निम्नतर निवास-स्थान आबंटित कर सकेगा, जिसके लिए आवेदक अ० नि० 317-ण-5 के अधीन अपनी पूर्विकता तारीख के आधार पर पात्र है।

(2) यदि किसी अधिकारी अधिभोग में के निवास-स्थान को खाली कराना अपेक्षित है तो, निदेशक उस अधिकारी का वर्तमान आबंटन रद्द कर सकेगा और उसे उसी टाइप का आनुकल्पी निवास-स्थान आबंटित कर सकता है या, आवश्यकता की स्थिति में, उसे अधिकारी के अधिभोग में के निवास-स्थान के टाइप के ठीक निम्नतर टाइप का आनुकल्पी निवास-स्थान आबंटित कर सकता है।

(3) खाली निवास-स्थान को, उपनियम (1) के अधीन उसे किसी अधिकारी से आबंटित किए जाने के अतिरिक्त, अन्य पात्र अधिकारियों को उनकी पूर्विकता तारीखो के क्रम मे साथ ही साथ दिए जाने की प्रस्थापना की जा सकती है।

अनु० नि० 317-ण-8 : पारी-बाह्य आबंटन-अनु० नि० 317-ण-7 के उपबन्धों के होते हुए भी, निदेशक द्वारा किसी निवास-स्थान का आबंटन किसी अधिकारी को पारी-बाह्य तौर पर, उसकी अपनी या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य की गम्भीर बीमारी के आधार पर, यदि आवश्यक समझा जाए तो किसी चिकित्सा अधिकारी के परामर्श से, जो सिविल सर्जन या जिला चिकित्सा अधिकारी के रैंक से कम का न हो, किया जा सकेगा। ऐसी दशाओं मे आबंटन के लिए पूर्विकता-तारीख वह तारीख होगी जिसको अधिकारी का पारी-बाह्य आबंटन का आवेदन निदेशक को प्राप्त होता है।

अनु० नि० 317-ण-9 : आबंटन या प्रस्थापना का स्वीकार न किया जाना, अथवा आबंटित निवास-स्थान को स्वीकार करने के पश्चात् अधिभोग में न लेना :—

(1) यदि कोई अधिकारी, किसी निवास स्थान का आबंटन आबंटन-पत्र की जारी किए जाने की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है अथवा स्वीकार करने के बाद भी ऐसी तारीख से आठ दिन के भीतर उस निवास-स्थान का कब्जा नहीं लेता है तो, वह आबंटन-पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि पर्यन्त दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा।

(2) यदि किसी अधिकारी को, जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाइप का निवास-स्थान है, ऐसे टाइप का निवास-स्थान आबंटित या प्रस्थापित किया गया है जिसके लिए वह अ० नि० 317—ण—5 के अधीन पात्र है या जिसके लिए उसने अनु० नि० 317—ण—7 के उपनियम (1) के खण्ड (iii) मे आवेदन किया है तो उसे, उक्त आबंटन की प्रस्थापना को अस्वीकार कर देने पर, पूर्वतन आबंटित निवास-स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञात किया जा सकता है, अर्थात् :—

(क) ऐसा अधिकारी उस आबंटन की बची हुई अवधि तक, जिसमें उच्चतर वर्ग की वास-सुविधा के आबंटन या प्रस्थापना को अस्वीकार कर दिया था, दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा;

(ख) वर्तमान निवास-स्थान रखे रहने के दौरान उस पर वही अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी जो उसे मू० नि० 45-क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास-स्थान के लिए, अथवा वह अनुज्ञप्ति फीस, जो उस निवास-स्थान के लिए देय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, दोनों में से जो भी अधिक हो, संदत्त करनी पड़ती। यदि किसी अधिकारी ने, जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाइप का निवास-स्थान है, अ०नि० 317-ण-6 के अधीन किए गए अपने आवेदन मे उस निवास स्थान को रखे रहने का निश्चय किया है तो इस खण्ड में के उपबन्ध उस अवधि के दौरान जिसके लिए उसने ऐसा निश्चय किया है, उसे लागू नहीं होंगे।

अनु० नि० 317—ण—10 आबंटन प्रभावी रहने की अवधि और तत्पश्चात् कब्जा बनाए रखने की रियायती अवधि :—

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको वह अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाता है और तब तक प्रभावी बना रहेगा जब तक कि :—

(क) अधिकारी के दिल्ली स्थित संस्थान में कर्त्तव्यारूढ़ न रह जाने के पश्चात् वह रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती जो उपखण्ड (2) के अधीन अनुज्ञेय है;

(ख) आबंटन निदेशक द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता;

(ग) आबंटन अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता; या

(घ) अधिकारी के अधिभोग में निवास-स्थान नहीं रह जाता।

(2) अधिकारी को आबंटित निवास-स्थान, उपनियम (3) के अधीन, निम्न सारणी के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के घटने पर उस अवधि पर्यन्त रखा जा सकता है जो उस सारणी के स्तम्भ (2) मे तत्संबंधी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है, परन्तु यह तब जब कि वह निवास-स्थान उस अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के वास्तविक उपभोग के लिए अपेक्षित हो।

सारणी

घटनाएं	निवास-स्थान अपने पास रखे रहने की अनुज्ञेय अवधि
1	2
(i) पदत्याग, पदच्युति, या सेवा से हटाया जाना, सेवा का पर्यवसान अथवा बिना अनुज्ञा के अप्राधिकृत अनुपस्थिति	एक मास।
(ii) सेवा-निवृत्ति या सेवांत छुट्टी	2 मास।
(iii) आबंटिती की मृत्यु	4 मास।
(iv) दिल्ली से बाहर किसी स्थान के लिये स्थानान्तरण	2 मास।
(v) दिल्ली में किसी अपाव कार्यालय की स्थानान्तरण	2 मास।
(vi) भारत में अन्यत्र सेवा में जाने पर	2 मास।
(vii) भारत मे अस्थायी स्थानान्तरण या भारत के बाहर के के किसी स्थान के लिए स्थानान्तरण	4 मास।
(viii) छुट्टी (जो निवृत्ति-पूर्व छुट्टी, अस्वीकृत छुट्टी, सेवांत छुट्टी चिकित्सीय छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न हो)	छुट्टी, की अवधि पर्यन्त, किन्तु वह 1 मास से अधिक न हो।
(ix) निवृत्ति-पूर्व छुट्टी या मूल नियम 86 के अधीन ली गई अस्वीकृत छुट्टी, अथवा संस्थान के ऐसे कर्मचारियों को दी गई उपार्जित छुट्टी जो मू० नि० 56 के अधीन सेवा निवृत्त होते है।	पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त, किन्तु 4 मास की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए जिसमें निवृत्ति की दशा में अनुज्ञेय अवधि भी सम्मिलित है।
(x) भारत से बाहर अध्ययनार्थ छुट्टी या प्रतिनियुक्ति।	छुट्टी की अवधि पर्यन्त, किन्तु वह 6 मास से अधिक न हो।
(xi) भारत में अध्ययनार्थ छुट्टी	छुट्टी की अवधि पर्यन्त किन्तु वह 6 मास से अधिक न हो।
(xii) चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त।
(xiii) प्रशिक्षण पर जाने पर	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधि पर्यन्त परन्तु यह तब जब कि यह संस्थान द्वारा प्रायोजित हो।

स्पष्टीकरण 1 :—जब भारत में स्थानान्तरण होने या अन्यत्र-सेवा में जाने पर किसी अधिकारी को कोई छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नए कार्यालय मे पदभार ग्रहण करने से पूर्व उस छुट्टी का उपभोग करता है तो उस मद (iv), (v), (vi) और (vii) के सामने दर्शित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए, इनमें से जो भी अधिक हो, निवास-स्थान रखे रहने की अनुज्ञा दी जा सकती है।

स्पष्टीकरण 2 :—जब भारत मे स्थानान्तरण या अन्यत्र सेवा संबंधी कोई आदेश किसी अधिकारी को तब जारी किया जाता है जब वह पहले से ही छुट्टी पर है। तो स्पष्टीकरण 1 के अधीन अनुज्ञेय अवधि ऐसा आदेश जारी करने की तारीख से गिनी जाएगी।

(3) जब कोई निवास-स्थान उपनियम (2) के अधीन रखे रहा जाए तब अनुज्ञेय रियायती, अवधियो की समाप्ति पर वह आबंटन, सिवाए उस दशा के जब उन अवधियों की समाप्ति के पश्चात् वह अधिकारी दिल्ली में संस्थान में कर्तव्यभार ग्रहण कर लेता है, रद्द किया गया समझा जाएगा।

(4) जब कोई अधिकारी बिना वेतन और भत्तों के विशिष्मा छुट्टी पर हो तब वह उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद सं० (xii) के अधीन दी गई रियायत के आधार पर अपने निवास-स्थान को अपने पास रख सकता है परन्तु यह तब जब वह ऐसे निवास-स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस प्रतिमास नगद भेजता रहे और ऐसी फीस दो मास से अधिक तक न भेजने की दशा में आबंटन रद्द हो जाएगा।

(5) जिस अधिकारी ने, उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) या मद (ii) के अधीन दी गई रियायत के आधार पर निवास-स्थान अपने पास रखा है वह संस्थान में उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट 'अवधि' के भीतर पुनर्नियोजित होने पर, इस बात का हकदार होगा कि वह निवास-स्थान को अपने पास रखे रहे और वह इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के किसी और आबंटन का भी पात्र होगा

परन्तु यदि ऐसे पुनर्नियोजन पर अधिकारी की उपलब्धियां इतनी हों जिनके आधार पर वह उस टाइप के निवास-स्थान का हकदार न हो जो उसके अधिभोग में है, तो ऐसे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित किया जाएगा।

(6) उपनियम (2), या उपनियम (3), या उपनियम (5) में किसी बात के होते हुए भी, जब कोई अधिकारी पदच्युत कर दिया जाता है या सेवा से हटा दिया जाता है या जब उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है और निदेशक का ऐसे कारणों से जिन्हें लेखबद्ध किया जाएगा, यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक और समीचीन है तो वह ऐसे अधिकारी को किए गए निवास-स्थान का आबंटन या तो तुरन्त, या उस तारीख से रद्द कर सकेगा जो उपनियम (2) के नीचे की सारणी की मद (1) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति से पहले की हो और जो वह विनिर्दिष्ट करे।

अनु० नि० 317-ण-11 अनुज्ञप्ति फीस विषयक उपबन्ध

(1) जहां घास सुविधा या आनुकल्पिक वास सुविधा का आबंटन स्वीकृत कर लिया गया है वहां, अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग, की तारीख से या आबंटन जारी किए जाने की तारीख से आठवें दिन, से, जो भी पहले पद, प्रारम्भ होगा।

जो अधिकारी आबंटन स्वीकार करने के पश्चात् उस मास सुविधा का कब्जा आबंटन-पत्र जारी किए जाने की तारीख से आठ दिन के भीतर नहीं लेता उससे उस तारीख से बारह दिन की अवधि तक अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी, परन्तु इसमें की कोई भी बात उस दशा में लागू नहीं होगी जब केन्द्रीय निर्माण विभाग यह प्रमाणित करे कि घास-सुविधा अधिभोग के योग्य नहीं है जिसके परिणामस्वरूप अधिकारी पूर्वोक्त अवधि के भीतर आवास सुविधा का अधिभोग में नहीं ले रहा है।

(2) जहां किसी अधिकारी को जिसके अधिभोग में कोई एक निवास-स्थान है, कोई दूसरा निवास-स्थान आबंटित किया जाता है और वह नए निवास-स्थान पर अधिभोग में ले लेता है वहां पहले निवास-स्थान का आबंटन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द समझा जाएगा। तथापि वह, निवास-स्थान में परिवर्तन के लिए पहले निवास-स्थान को उस दिन और उसके बाद के एक दिन के लिए, अनुज्ञप्ति फीस दिए बिना, अपने पास रख सकता है।

अ० नि० 317-ण-12 निवास-स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति-फीस देने का वैयक्तिक दायित्व और अस्थायी अधिकारी द्वारा प्रतिभू की व्यवस्था —

(1) जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया जाए उस पर उसकी अनुज्ञप्ति फीस तथा उस नुकसान का, जो उसे हुई उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हुआ हो या जो उस निवास-स्थान को दिए गए फर्नीचर, फिक्सचर, फिटिंग या सेवा व्यवस्था को उस अवधि के दौरान, हुई हो, जिसके लिए निवास-स्थान उसे आबंटित किया जाता है और उसे आबंटित रहता है या जहां आबंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया जाता है वहां, जब तक वह निवास-स्थान तथा उससे सलग्न उपगृह खाली करके उनका पूर्णत खाली कब्जा निदेशक को वापस नहीं कर दिया जाता है तब तक, व्यक्तिगत दायित्व होगा।

(2) जहां वह अधिकारी, जिसे निवास-स्थान आबंटित किया जाता है, न तो संस्थान का स्थायी कर्मचारी है न स्थायीकल्प है वहां वह अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए, जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उनके बदले दिये गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय हों, एक प्रतिभू सहित, निदेशक द्वारा इस नियम में विहित प्ररूप में एक प्रतिभूनिपत्र निष्पादित करेगा। यह प्रतिभू संस्थान के अधीन सेवा करने वाला संस्थान का स्थायी कर्मचारी होना चाहिए।

(3) यदि प्रतिभू संस्थान की सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारणों से उपलब्ध नहीं रह जाता तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र, उसे, उस घटना या तथ्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, देगा, और यदि वह ऐसा न करे तो, जब तक निदेशक अन्यथा विनिश्चित न करे, उस निवास-स्थान का उसे आबंटन उक्त घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा।

अनु० नि० 317-ण-13 आबंटन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि —

(1) अधिकारी ऐसी सूचना देकर, जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व निदेशक के पास पहुंच जाए, किसी भी समय आबंटन को अभ्यर्पित कर सकता है। निवास-स्थान का आबंटन उस दिन के पश्चात् जिसको पत्र निदेशक को प्राप्त होता है, ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, रद्द किया गया समझा जाएगा। यदि वह सम्यक् सूचना न दे तो, वह दस दिन की अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी हो उतने दिन की, अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगा, परन्तु निदेशक कम अवधि की सूचना स्वीकार करता है।

(2) उपनियम (1) के अधीन निवास-स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के संबंध में ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक संस्था में सरकारी वास सुविधा का आबंटन करने के लिए, पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

अनु० नि० 317-ण-14, निवास-स्थान में परिवर्तन—

(1) वह अधिकारी, जिसे इन नियमों के अधीन कोई निवास-स्थान आबंटित किया गया है, यह आवेदन करता है कि उसे उसके बदले उसी टाइप का या उस टाइप का जिसका पात्र वह अनु० नि० 317-ण-5 के अधीन है, जो भी निम्नतर हो, निवास-स्थान दिया जाए परन्तु किसी अधिकारी को आबंटित एक टाइप के निवास-स्थान की बाबत एक बार से अधिक परिवर्तन करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(2) परिवर्तन के लिए वे सब आवेदन, जो निदेशक द्वारा विहित प्ररूप में दिए गए हों, और किसी कैलेंडर मास में 19 वें दिन तक प्राप्त हुए हों, अगले मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। इस नियम के प्रयोजनों के लिए वे अधिकारी, जिनके नाम पूर्वतर मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित नहीं हैं, सामूहिक रूप में उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चात्वर्ती मासों की सूची में सम्मिलित किए जाएं। किसी विशिष्ट मास में सूचीं में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम में आधारित की जाएगी।

(3) परिवर्तन, उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता के क्रम में तथा अधिकारी की अपनी पसन्द का यथासम्भव स्थान रखते हुए करना दिया जाएगा।

(4) यदि कोई अधिकारी निवास-स्थान के परिवर्तन को, प्रस्थापना या आबंटन जारी किए जाने के पांच दिन के भीतर, स्वीकार नहीं करता है तो उसके नाम पर उसी टाइप के निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पुन: विचार नहीं किया जाएगा ।

(5) जो अधिकारी निवास-स्थान का परिवर्तन स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता है उससे ऐसे निवास-स्थान के लिए अनु० नि० 317-ण-11 के उपनियम (1) के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति-फीस ली जाएगी, जो उस निवास-स्थान के लिए, जो पहले से ही उसके कब्जे में है और जिसका आबंटन बराबर बना रहेगा, सा० नि० 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी ।

अनु० नि० 317–ण–15 . कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु की दशा में निवास स्थान का परिवर्तन––

अनु० नि० 317–ण–15 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी अधिकारी के कुटुम्ब की मृत्यु हो जाती है और वह निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उसे निवास-स्थान के परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकती है, परन्तु यह परिवर्तन उसी टाइप के निवास-स्थान में तथा उसी मंजिल पर होगा जो उस अधिकारी को पहले आबंटित निवास-स्थान का है ।

अनु० नि० 317–ण–16 . निवास स्थानों का अपरिवर्तन पारस्परिक विनिमय

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास-स्थान आबंटित किए गए है, वे इस आशय का आवेदन कर सकते है कि उन्हें अपने निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय करने की अनुज्ञा दी जाए । जब इस बात की उचित तौर पर प्रत्याशा हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनिमय के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक दिल्ली में कर्त्तव्यारूढ रहेंगे और पारस्परिक रूप से विनिमय से प्राप्त अपने निवास-स्थानों में रहेंगे तब पारस्परिक विनिमय की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

अनु० नि० 317–ण–17 : उन स्थानों के लिए रूपांतरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता :

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब साथ ले जाने के लिए निदेशक द्वारा अनुज्ञात नहीं किया जाता या मंजूर नहीं की जाती और इन नियमों के अधीन उसे आबंटित निवास-स्थान उसकी संतान की वास्तविक शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है तो, उसे, प्रार्थना करने पर, दिल्ली में शिक्षा प्राप्त करने वाली उसकी संतान के चालू शैक्षणिक सत्र के अन्त तक, सा० नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर, निवास-स्थान रखने के लिए अनुज्ञा दी जा सकती है ।

अनु० नि० 317–ण–18 . निवास-स्थान का रखरखाव :

जिन अधिकारी को निवास-स्थान आबंटित किया गया है, वह उसे गैर-परिसरों को निदेशक तथा दिल्ली नगर निगम के संतोष प्रद रूप में साफ दशा में रखेगा । ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान में संलग्न किसी बाग, प्रांगण या चारदीवारी में न तो निदेशक द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही निदेशक की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को काटेगा या छांटेगा । इन नियमों के उल्लंघन में उगाए गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति और मुर्गे-मुर्गी तथा ढोरों का, जिनका पालन किया जा रहा हो, संबंधित अधिकारी के जोखिम और खर्च पर हटाया जा सकता है ।

अनु० नि० 317–ण–19 : निवास स्थान का हिस्सा देना और सहयोग :

(1) कोई अधिकारी अपने को आबंटित निवास-स्थान या उससे संलग्न उपगृह से, गैरजों और अस्तबलों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबंटन के पात्र संस्थान के कर्मचारियों के साथ ही करेगा । सेवक निवासों (क्वार्टरों), उपगृहों, गैरजों और अस्तबलों का उपयोग केवल सद्भावी प्रयोजनों के लिए, जिनके अन्तर्गत आबंटी के सेवकों का निवास भी है, या अन्य ऐसे प्रयोजनों के लिए किया जाएगा, जिसकी निदेशक अनुज्ञा दे ।

(2) कोई भी अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास-स्थान को उपपट्टे पर नहीं देगा परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास-स्थान में किसी अन्य अधिकारी को जो वास-सुविधा का सहभोग करने का पात्र हो, देखभाल करने वाले (केयर टेकर) के रूप में अ० नि० 317–ण–19(2) में विनिर्दिष्ट अवधि पर्यन्त, किन्तु छह मास से अनधिक के लिए रख सकता है ।

(3) जो अधिकारी, अपने निवास-स्थान को सहभोग में ले या उसे उप पट्टे पर दे वह, ऐसा अपनी जोखिम और उत्तरदायित्व पर करेगा, और उस निवास-स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए और ऐसे किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप से उत्तरदायी बना रहेगा जो निवास-स्थान को या उसकी सीमाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो ।

अनु०नि० 317–ण–20 : नियमों और शर्तों को भंग करने का परिणाम

(1) यदि वह अधिकारी, जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, अनधिकृत रूप से उस निवास-स्थान को उप-पट्टे पर देता है या सहभोगी से ऐसी दर से किराया लेता है जिसे निदेशक अत्यधिक समझता है अथवा उस निवास-स्थान के किसी भाग में कोई अप्राधिकृत निर्माण करता है अथवा उस निवास-स्थान या उसके किसी भाग का उपयोग उन प्रयोजनों से जिनके लिए वह है, से भिन्न किन्हीं प्रयोजनों के लिए करता है, अथवा विद्युत् या जल के कनेक्शन बिगाड़ता है अथवा इन नियमों या आबंटन के निबन्धनों और शर्तों का कोई और भंग करता है, अथवा किसी ऐसे प्रयोजनों के लिए, जिन्हें निदेशक अनुचित समझे ऐसे निवास-स्थान का परिसर का उपयोग करता है या उपयोग करने की अनुज्ञा देता है या उपयोग होने देता है, अथवा स्वयं ऐसा आचरण करता है जो उसकी राय में उसके पड़ोसियों से शांतिपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है अथवा आबंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझ कर देता है तो निदेशक, उस अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती है, निवास-स्थान का आबंटन रद्द कर सकता है ।

स्पष्टीकरण ––इस उपनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अन्तर्गत, उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और उस अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला व्यक्ति भी है ।

(2) यदि कोई अधिकारी उसे आबंटित निवास-स्थान को, या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह, गैरेज या अस्तबल को इन नियमों का उल्लंघन कर के उप-पट्टे पर दे देता है तो ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे ऐसी अधिक अनुज्ञप्ति फीस, जो सा० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुने से अधिक न हो, या बाजार अनुज्ञप्ति फीस, इनमें से जो भी अधिक हो वह, ली जा सकती है । प्रत्येक मामले में उस बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाएगी और कितनी अवधि के लिए वसूल की जाएगी निदेशक गुणागुण के आधार पर करेगा । इसके अतिरिक्त उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि पर्यन्त, जो निदेशक द्वारा विनिश्चित की जाए, निवास-स्थान को सहभोग में रखने से विसर्जित किया जा सकता है ।

(3) जहां आबंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से पट्टे पर दिए जाने के कारण आबंटन को रद्द करने की कार्रवाई की जाए वहां आबंटिती और उसके साथ उनमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर खाली करने के लिए पन्द्रह दिन का समय दिया जाएगा । परिसर के खाली किए जाने की तारीख से या आबंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से, पन्द्रह दिन अवधि के समाप्त होने पर, जो भी इसमें से पहले पड़े, आबंटन रद्द हो जाएगा ।

(4) जहां निवास-स्थान का आबंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाए जो पड़ोसियों से शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो वहां उस अधिकारी को, निदेशक के विवेकानुसार उसी वर्ग का निवास-स्थान किसी अन्य स्थान पर आबंटित किया जा सकता है ।

(5) निदेशक इस नियम के उप-नियम (1) से (4) तक के अधीन सभी कार्रवाइयां या कोई कार्रवाई करने के लिए, तथा ऐसे अधिकारी को, जो उन नियमों तथा उसे जारी किए गए अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए वास सुविधा के आबंटन के लिए भी अपात्र घोषित करने के लिए सक्षम होगा ।

अनु० नि० 317–ण–21 : आबंटन रद्द किए जाने के पश्चात् निवास-स्थान में बने रहना—

जहां कोई आबंटन, इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया जाए या रद्द किया गया समझा जाए और तत्पश्चात् वह निवास-स्थान उस अधिकारी के, जिसे वह आबंटित किया गया हो, या उस के माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में बना रहे या बना रहा हो । वहां ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान सेवाओं, फर्नीचर के उपयोग और अधिभोग के लिए उतनी नुकसानी और बाग-प्रभारों का देनदार होगा जो सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित बाजार अनुज्ञप्ति फीस के बराबर हो :

परन्तु निदेशक किसी अधिकारी को, विशेष दशाओं में, मू० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस से दो गुना या मू०नि० 45-क के अधीन मूल की गई मानक अनुज्ञप्ति फीस से दो गुना, जो भी अधिक हो, देने पर, अ० नि० 317–ण–10(2) के अधीन अनुज्ञात अवधि से परे छह मास से अनधिक अवधि के लिए, निवास-स्थान रखने की अनुज्ञा दे सकता है ।

अनु० नि० 317–ण–22 : इन नियमों के जारी किए जाने से पहले किए गए आबंटन का बना रहना :

निवास-स्थान के किसी ऐसे विधिमान्य आबंटन के बारे में, जो इन नियमों के प्रारंभ के ठीक पूर्व तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन अस्तित्व में हो, यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से किया गया आबंटन है भले ही वह अधिकारी, जिसे वह आबंटन किया गया है, अनु० नि० 317–ण–5 के अधीन उस टाइप के निवास स्थान के लिए हकदार न हो और उस आबंटन और उस अधिकारी के संबंध में इन नियमों के सभी पूर्ववर्ती उपबन्ध तदनुसार लागू होंगे ।

अनु० नि० 317–ण–23 : नियमों का निर्वचन :

यदि इन नियमों के निर्वचन की बाबत कोई प्रश्न उठे तो उसका विनिश्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा ।

अनु० नि० 317–ण–24 : नियमों का शिथिल किया जाना :

सरकार उन कारणों से, जिन्हें लेखबद्ध किया जाएगा, इन नियमों के सभी उपबन्धों का या उनमें से किसी का किसी अधिकारी या निवास-स्थान के मामले में अथवा अधिकारियों के किसी वर्ग या निवास-स्थानों के किसी टाइप के मामले में शिथिल कर सकती है ।

अनु० नि० 317–ण–25 : शक्तियों या कृत्यों का प्रत्यायोजन :

सरकार इन नियमों द्वारा उसे प्रदत्त कोई शक्ति या सभी शक्तियां अपने नियंत्रणाधीन किसी अधिकारी को, ऐसी शर्तों के अधीन प्रत्यायोजित कर सकेगी जिन्हें आरोपित करना वह ठीक समझे ।

अनुसूची—1

(अनु० नि० 317–ण–5 देखें)

निवास-स्थान का वर्गीकरण

निवास-स्थान का टाइप	निवास-स्थानों का वर्गीकरण
I	टाईप I (पुराना) सं० 1 से 44 तक टाईप I (नया) सं० 1 से 300 तक
II	ई—टाइप सं० 1 से 104 तक II—बी टाइप सं० 1 से 48 तक III—ए टाइप सं० 1 से 36 तक एच टाइप संख्या 1 से 3 तक
III	डी टाइप सं० 1 से 43 तक
IV	डी—II फ्लेट सं० 1 से 12 तक सी टाइप सं० 25 से 31 तक
V	बी टाइप सं० 22 से 24 तक और 32 सी टाइप सं० 33 से 42 तक
VI	बी टाइप सं० 1 से 7 तक और 9 से 20 तक
VII	बी टाइप सं० 8

अनुसूची 2

(अनु० नि० 317–ण–5 देखें)

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में निवास-स्थानों का आरक्षण

निवास-स्थान की विशिष्टियां	उन अधिकारियों के पदाभिधान जिनके लिए आरक्षित है
1. बी–8	. निदेशक
2. बी–7	. संकायाध्यक्ष और संयुक्त निदेशक
3. बी–11	. मुख्य प्रशासन अधिकारी-एवं-रजिस्ट्रार
4. बी–13	. वरिष्ठ परियोजना निदेशक
5. बी–32	. सम्पदा और प्रोटोकोल अधिकारी
6. सी–27	. चिकित्सा अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान चिकित्सालय ।
7. ई–1	. फार्मासिस्ट
8 डी—44	. सहायक पशुधन अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान डेरी
9. डी–1	. सहायक इंजीनियर, फार्म संक्रिया और प्रबन्ध विभाग
10. ई–28	. एक सुरक्षा पर्यवेक्षक

उन पदों के त्यागने पर, जिनके लिए निवास-स्थान है, आरक्षित क्वार्टर के निवास-स्थान को रखे रखने की अनुज्ञेय अवधि दो मास होगी जिसकी समाप्ति पर अधिकारी निवास-स्थान को खाली कर देगा ।

टिप्पणी 1 —उक्त अधिकारियों को, जो इस अनुसूची के अनुसार किसी विशिष्टि आरक्षित गृह के हकदार है, उस प्रकम के निवास स्थानों के आबंटन में, जिनके लिए वे हकदार हैं, प्रथम

प्राथमिकता दी जाएगी और जो गृह उनके लिए है उनके खाली होते ही उन्हें अधिभोग की अनुज्ञा दी जाएगी।

टिप्पणी 2 :—आरक्षित गृहों के अधिकारियों को, ऐसे पदों पर स्थानान्तरण, प्रोन्नति या प्रतिवर्तन पर, जिनसे कोई गृह सलग्न नहीं है, ऐसे गृहों को खाली करना पड़ेगा। विकल्पत. वाम सुविधा उसे उस प्रवर्ग में, जिसके लिए पदधारी ऐसे स्थानान्तरण, प्रोन्नति या प्रतिवर्तन पर हकदार होता है, यदि उपलब्ध है, तो आबंटित की जाएगी अन्यथा उसे दोनों प्रवर्गों में अध्यारोही पूर्विकता देते हुए ठीक निम्नतर प्रवर्ग में आबंटन किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि आवंटित गृह दो वर्ष से अन्यून अवधि तक उसके प्राधिकृत अधिभोग में रहा हो।"

[फा० सं० 3-1/69-ई० ई०-IV]

एम० सी० जयरामन, अवर सचिव

(Department of Agricultural Research and Education)

New Delhi, the 20th May, 1977.

INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE

(ALLOTMENT OF RESIDENCES) REVISED RULES, 1977

S.O. 2125.—In pursuance of rule 45 of the Fundamental Rules, the President hereby makes the following rules further to amend the Supplementary Rules, issued the Government of India, late Finance Department, letter No. 104-C.S.R., dated 4th February, 1922, namely :—

In part VIII of the said rules, for Division XXVI-J and the heading and rules thereunder, the following Division, heading and rules shall be substituted namely :—

"Division XXVI-J-The Indian Agricultural Research Institute (Allotment of Residences) Rules, 1977—

S. R. 317-J-1 : Short title, application and commencement :—

(1) These rules may be called the Indian Agricultural Research Institute (Allotment of Residences) Rules, 1977.

(2) They shall apply to the residential buildings belonging to the Government and located within the premises of the Indian Agricultural Research Institute.

(3) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

S. R. 317-J-2 : Definitions :—In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) 'allotment' means the grant of a licence to occupy a residence in accordance with the provisions of these rules;

(b) 'allotment year' means the year beginning on 1st January or such or other period as may be notified by the Director.

(c) 'Director' means the Director of the Institute and includes any other officer authorised by him to act on his behalf;

(d) 'eligible office' means the office of the Indian Agricultural Research Institute and its sub-stations, the staff of which has been declared by the Director as eligible for accommodation under these rules;

(e) 'emoluments' means the emoluments as defined in rule 45-C of the Fundamental Rules, but excluding the compensatory allowance.

Explanation :—In the case of an officer who is under suspension the emoluments drawn by him on the first day of the allotment year in which he is placed under suspension, or if he is placed under suspension on the first day of the allotment year, the emoluments drawn by him immediately before that date shall be taken as emoluments;

(f) 'family' means the wife or husband, as the case may be, and children, step-children, legally adopted children, parents, brothers or sisters as ordinarily reside with, and are dependent on, the officer;

(g) 'Government' means the Central Government;

(h) 'Institute' means the Indian Agricultural Research Institute, New Delhi;

(i) 'licence fee' means the sum of money payable monthly in accordance with the provisions of the Fundamental Rules in respect of a residence allotted under these rules;

(j) 'priority date' of an officer for allotment of accommodation under these rules means the earliest date of holding continuous qualifying appointment on a post under the Institute including the periods of authorised absence on deputation, foreign service training, leave etc:

Provided that the eligibility for the type of residence under the provision of S. R. 317-I-5 shall be determined on the emoluments on the first day of the allotment year as may be specified:

Provided further the officers eligible to Type V or Type VI shall also be eligible to allotment of residences in type next below to their eligible type, namely, Type IV and Type V respectively:

Provided also that where the priority date of two or more officers is the same seniority amongst themselves shall be determined by the amount of emoluments, the officer in receipt of higher emoluments taking procedure over the officer in receipt of lower emoluments; and where the emoluments are equal, by the length of service;

(k) 'residence' means any residence for the time being under the administrative control of the Director;

(l) 'subletting' includes sharing of accommodation by an allottee with another person with or without payment of licence fee by such other person.

'Explanation' Any sharing of accommodation be an allottee with close relations shall not be deemed to be subletting;

(m) 'transfer' means a transfer from an office of the Institute at New Delhi to any other office of the Institute outside New Delhi or vice versa and also deputation to a post in an ineligible office or organisation;

(n) 'temporary transfer' means a transfer which involves an absence for a period of not exceeding four months;

(o) 'Type' in relation to an Officer means the type of residence to which he shall be eligible under S.R. 317-J-5.

S.R. 317-J-3 Ineligibility of officers owning houses for allotment under these rules :—

No officer shall be eligible for allotment of a residence under these rules if he/she owns a house in full or in part in his/her own name or in the name of his/her wife or husband or any dependent within the municipal limits of New Delhi/Delhi.

S. R. 317-J-4 Allotment to husband and wife. Eligibility in cases of officers who are married to each other :—

(1) Where both husband and wife are employed under the Institute, the title of each of the two officers to allotment of a residence under these rules shall be considered independently.

(2) No officer shall be allotted a residence under these rules if the wife or the husband, as the case may be, of the officer has already been allotted a residence, unless such residence is surrendered :

Provided that this sub-rule shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(3) Where two officers in occupation of separate residences allotted under these rules marry each other, they shall, within one month of the marriage surrender one of the residences

(4) If a residence is not surrendered, as required by sub-rule (2), the allotment of the residence of the lower Type shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period and if the residences are of the same Type, the allotment of such one of them as the Director may decide shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

(5) Notwithstanding anything contained in sub rules (1) to (4)

(a) if a wife or husband, as the case may be, who is an allottee of a residence under these rules, is subsequently allotted a residential accommodation at the same station from a pool to which these rules do not apply, she or he, as the case may be, shall surrender any one of the residences within one month of such allotment

Provided that this clause shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court,

(b) where two officers, in occupation of separate residences in the same station one allotted under these rules and another from a pool to which these rules do not apply marry each other any of them shall surrender any one of the residences within one month of such marriage,

(c) if a residence is not surrendered as required under clause (a) or clause (b) as the case may be, the allotment of the residence made under these rules shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period

S R 317-J-5 Classification of residences —

(1) Save as otherwise provided in these rules an officer shall be eligible for allotment of a residence of the Type shown in the Table below

Type of Residence	Category of Officer on his monthly emoluments as on 1st day of the allotment year in which the allotment is made	Residences
I	Less than Rs 260 per month	Class IV Type I
II	Less than Rs 500 but not less than Rs 260/-per month	Type II-A -IIB, H and I
III	Less than Rs 700/-but not less than Rs 500/-per month	Type D
IV	Less than Rs 1000/-but not less than Rs 700/-per month	D-II flats & C Type
V	Less than Rs 1650/- but not less than Rs 1000/-per month	Type C
VI	Less than Rs 2500/- but not less than Rs 1650/- per month	Type B
VII	Director	Type B

The classification and reservation of residences shall be as given respectively in Schedules I and II appended to these rules The permissible period for retention of residence of a reserved quarter on demitting the office for which a residence is earmarked shall be two months on the expiry of which the officer shall vacate the residence

S R 317 J 6 Application for allotment —

(1) Every Officer in occupation of accommodation under these rules shall submit his application in such form and manner and by such date as may be specified by the Director in this behalf

(2) In case of officers not in occupation of accommodation under these rules the Director shall invite applications in such form and manner and before such date as may be specified by him

(3) An officer joining duty in the Institute on first appointment or on transfer may submit his application to the Director within a month of his joining duty

(4) Applications received under sub-rule (3) on or before the 20th day of a calender month shall alone be considered for allotment in the succeeding month

S R 317 J 7 Allotment of residences and offers —

(1) Save as otherwise provided in these rules, a residence on falling vacant, shall be allotted by the Director preferably to an applicant desiring a change of accommodation in that Type, under the provisions of S R 317 J-15 and if not required for that purpose, to an applicant without accommodation in that type having the earlier priority date for that type of residence subject to the following conditions, namely —

(i) that the Director shall not allot a residence of a type higher than that to what the applicant is eligible under S R 317 J 5

(ii) that the Director shall not compel any applicant to accept a residence of a lower type than that to what he is eligible under S R 317 J-5,

(iii) that the Director on request from an applicant for allotment of a lower category residences might allot to him a residence next below the type for which the applicant is eligible under S R 317-J 5 on the basis of his priority date for the same

(2) The Director may cancel the existing allotment of an officer and allot to him an alternative residence of the same type or, in emergent circumstances, an alternative residence of the type next below the type of residence in occupation of the officer if the residence in occupation of the officer is required to be vacated

(3) A vacant residence may, in addition to allotment to an officer under sub-rule (1), be offered simultaneously to other eligible officers in order of their priority dates

S R 317-J 8 Out of turn allotments —

Notwithstanding the provisions of S R 317-J 7, allotment of a residence may be made by the Director on out-of-turn basis to an officer on the grounds of serious illness of self or a member of his family, in consultation, if considered necessary with a medical officer not below the rank of a Civil Surgeon or a District Medical Officer The priority date for allotment in such cases shall be the date on which the application of the officer for out of-turn allotment is received by the Director

S R 317 J-9 Non acceptance of allotment or offer or failure to occupy the allotted residence after acceptance —

(1) If any officer fails to accept the allotment of residence within five days or fails to take possession of that residence after acceptance within eight days from the date of issue of the letter of allotment, he shall not be eligible for another allotment for a period of one year from the date of allotment letter

(2) If an officer occupying a lower type of residence is allotted or offered a residence of the type for which he shall be eligible under S R 317 J 5 or for which he has applied under clause (iii) of sub-rule (1) of S R 317-J-7 he may on refusal of the said allotment or offer of allotment, be permited to continue in the previously allotted residence on the following conditions, namely —

(a) that such an officer shall not be eligible for another allotment for the remaining period of allotment year in which he has declined the allotment or offer for the higher class of accommodation,

(b) that while retaining the existing residence he shall be charged the same licence fee which he would have had to pay under FR 45-A in respect of the residence so allotted or offered or the licence fee payable in respect of the residence already in his occupation, whichever is higher If an officer occupying a lower type of residence has given his option in his application made under S R 317 J 6 to retain the said residence, the provision contained in this clause shall not apply to him during the period for which such option has been given

S R 317-J 10 Period for which allotment subsists and the concessional period for further retention —

(1) An allotment shall be effective from the date on which it is accepted by the officer and shall continue in force until—

(a) the expiry of the concessional period permissible under sub-clause (2) after the officer ceases to be on duty in the Institute in Delhi, or

(b) it is cancelled by the Director or is deemed to have been cancelled under any provision in these rules, or

(c) it is surrendered by the Officer or

(d) the officer ceases to occupy the residence

(2) A residence allotted to an officer may, subject to sub-rule (3) be retained on the happening of any of the events specified in Col I of the Table below for the period specified in co responding entry in Column (2) thereof provided that the residence is required for the bona fide use of the officer or members of his family

TABLE

Events	Permissible period for retention of the residence
(i) Resignation, dismissal or removal from service, termination of service or unauthorised absence without permission	1 month
(ii) Retirement or terminal leave	2 months
(iii) Death of the allottee	4 months
(iv) Transfer to a place outside Delhi	2 months
(v) Transfer to an ineligible office in Delhi	2 months
(vi) On proceeding on foreign service in India	2 months
(vii) Temporary transfer in India or transfer to a place outside India	4 months
(viii) Leave (other than leave preparatory to retirement, refused leave, terminal leave, medical leave or study leave)	For the period of leave but not exceeding 4 months
(ix) Leave preparatory to retirement or refused leave granted under F R 86 or earned leave to employees of the Institute who retire under F R 56	For the full period of leave on full average pay subject to a maximum of 4 months inclusive of the period permissible in the case of retirement
(x) Study leave or deputation outside India	For the period of leave but not exceeding 6 months
(xi) Study leave in India	For the period of leave but not exceeding 6 months
(xii) Leave on medical grounds	For full period of leave
(xiii) On proceeding on training	For full period of training, provided it is sponsored by the Institute

Explanation I —Where an officer on transfer or foreign service in India is sanctioned leave and avails of it before joining duty at the new office, he may be permitted to retain the residence for the period mentioned against items (iv) (v) (vi), (vii) or for the period of leave, whichever is more

Explanation II —Where an order of transfer or foreign service in India is issued to an officer while he is already on leave the period permissible under explanation (I) shall count from the date of issue of such order

(3) Where a residence is retained under sub-rule (2), the allotment shall be deemed to be cancelled on the expiry of the admissible concessional periods unless immediately on the expiry thereof the officer resumes duty in the Institute in Delhi

(4) Where an officer is on medical leave without pay and allowances, he may retain his residence by virtue of the con cession under item (xii) of the Table below sub rule (2), pro vided he remits the licence fee for such residence in cash every month and where he fails to remit such licence fee for more than two months, the allotment shall stand cancelled

(5) An officer who has retained the residence by virtue of the concession under item (i) or item (ii) of the Table below sub-rule (2) shall, on re-employment in the Institute wi hin the period specified in the said Table be entitled to retain that residence and he shall also be eligible for any further allotment of residence under these rules

Provided that if the emoluments of the officer on such re employment do not entitle him to the type of residence occupied by him, he shall be allotted a lower type of residence

(6) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) or sub rule (3) or in sub rule (5), when an officer is removed or his services have been terminated and the Director is satis fied for reasons to be recorded in writing that it is necessary or expedi nt in the public interest to do so, he may cancel the allotment of the residence made to such officer either forth with or with effect from such date prior to the expiry of the period of one month referred to in item (i) of the Table below sub rule (2) as he may specify

S R 317-J-11 Provisions relating to licence fee —

(1) Where an allotment of accommodation or alternative accommodation has been accepted, the liability for licence fee shall commence from the date of occupation or the eighth day from the date of issue of the allotment letter, whichever is earlier

An officer who after acceptance, fails to take pos session of that accommodation within eight days from the date of issue of the allotment letter, shall be charged licence fee from such date upto a period of twelve days, provided nothing contained herein shall apply where Central Works Department certified that the accommodation is not yet ready for occupation and as a result thereof the officer does not occupy the accommodation within the period aforesaid

(2) Where an officer, who is in occupation of a residence, is allotted another residence and he occupied the new residence the allotment of the former residence shall be deemed to be cancelled from the date of occupation of the new residence He may however, retain the former residence without payment of licence fee for that day and the subsequent day for shifting

S R 317 J-12 Personal liability of the officer for payment of licence fee till the residence is vacated and furnishing of surety by temporary officer —

(1) The officer to whom a residence has been allotted shall be personally liable for the licence fee thereof and for any damage beyond fair wear and tear caused thereto or to the furniture, fixtures or fittings or services provided therein during the period for which the residence has been and remains allotted to him, or where the allotmen has been cancelled under any of the provisions in these rules until the residence along with the out-houses appurtenant thereto have been vacated and full vacant possession thereof has been restored to the Director

(2) Where the officer to whom a residence has been allotted is neither a permanent nor a quasi-permanent employee of the Institute he shall execute a Surety bond in the form prescribed in this behalf by the Director with a Surety who shall be a permanent employee of the Institute serving under the Institute for due payment of licence fee and other charges due from him in respect of such residence and services and any other residence provided in lieu

(3) If the surety ceases to be in the service of the Institute or becomes insolvent or ceases to be available for any other reasons the officer shall furnish a fresh bond executed by another surety within thirty from the date of his

knowledge of such event of the fact and that if he fails to do so, the allotment of the residence to him shall, unless otherwise decided by the Director, be deemed to have been cancelled with effect from the date of the event.

S.R. 317-J-13 Surrender of an allotment and period of notice :—

(1) An officer may at any time surrender an allotment by giving intimation so as to reach the Director at least ten days before the date of vacation of the residence. The allotment of the residence shall be deemed to be cancelled with effect from the eleventh day after the day on which the letter is received by the Director, or the date specified in the letter, whichever is later. If he fails to give due notice, he shall be responsible for payment of licence fee for ten days or the number of days by which the notice given by him falls short of ten days, provided that the Director may accept a notice for a short period.

(2) An officer who surrenders the residence under sub-rule (1) shall not be considered again for allotment of accommodation at the Institute for a period of one year from the date of such surrender .

S.R. 317-J-14 Change of residence :—

(1) An officer to whom a residence has been allotted under these rules may apply for a change to another residence of the same type or a residence of the type to which he is eligible under S.R. 317-J-5 whichever is lower, provided that not more than one change shall be allowed to any such officer in respect of one type of residence allotted to the officer.

(2) All applications for change made in the form prescribed by the Director and received upto the 19th day of a calendar month shall be included in the waiting list in the subsequent month. For the purpose of this rule, the officers whose names are included in the waiting list, in an earlier month shall be senior on block to those whose names are included in the list in subsequent months. The inter-se seniority of the officers included in the list in any particular month shall be determined in the order of their priority dates.

(3) Change shall be offered in order of seniority determined in accordance with sub-rule (2) and having regard to the officer's preferences, as far as possible.

(4) If an officer fails to accept a change of residence offered to him within five days of the issue of such offer or allotment, he shall not be considereed again for a change of residence of that type.

(5) An officer who, after accepting a change of residence fails to take possession of the same shall be charged licence fee for such residence in accordance with the provisions of sub-rule (1) of S.R. 317-J-11 in addition to the normal licence fee under F.R. 45-A for the residence already in his possession, the allotment of which shall continue to subsist.

S.R. 317-J-15 Change of residence in the event of death of a member of the family :—

Notwithstanding anything contained in S.R. 317-J-14, an officer may be allowed a change of residence on the death of any member of his family if he applies for a change within three months of such occurrence, provided that the change may be given in the same type of residence and on the same floor as the residence already allotted to the Officer.

S. R. 317-J-16 Mutual exchange of residence:—

Officers to whom residences of the same type have been allotted under these rules may apply for permission for mutual exchange of their residences. Permission of mutual exchange may be granted if both the officers are reasonably expected to be on duty in Delhi and to reside in their mutually exchanged residences for at least six months from the date of approval of such exchange.

S.R. 317-J-17 Transfer to non-family stations :—

If an officer is transferred to a station where he is not permitted to or advised by the Director to take his family with him and the residence allotted to him under these rules as required by the family for the bona fide educational needs of his children, he may be allowed, on request, to retain the residence on payment of licence fee under F.R. 45-A till the end of the current academic session of his children studying in Delhi.

